महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0/प0नि0का0/2024/1033-39 दिनांक: 05.06.2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्यो/प्रभारी
समस्त नोडल केन्द्र
सम्बद्ध एम0जे0पी0रू0वि0, बरेली

विषय– उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों में शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण परीक्षाऐ सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको निर्देशित किया गया था कि नोडल केन्द्रों द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित गोपनीय पत्राजात संबंधित परीक्षा केन्द्रों के प्रतिनिधियों को परीक्षा के 30 मिनट पूर्व ही निर्गत किये जाने है। संज्ञान आया है कि कतिपय नोडल केन्द्रों द्वारा उक्त गोपनीय पत्राजात 30 मिनट की समय सीमा से पूर्व ही निर्गत किये जा रहे है। जोकि विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या उ0शि0म0/सत्तर–1–2022–16(9)/2018 दिनांक 27 मई 2022 में दिये गये दिशा–निर्देशों का उल्लंघन है।

अतः आपसे अनुरोध है कि शासनादेश में उल्लेखित निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक दशा में परीक्षा के 30 मिनट समय सीमा से पूर्व ही संबंधित परीक्षा केन्द्रों को गोपनीय पत्राजात हस्तगत किये जाये।

उक्त आदेश का कठोरता से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करे।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली एवं मुरादाबाद परिक्षेत्र।
2. प्राचार्य/प्राचार्यो/केन्द्राध्यक्ष, समस्त परीक्षा केन्द्र।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)
4. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी
5. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
6. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।

परीक्षा नियंत्रक